प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 28.10.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आठवें अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन सम्मेलन को किया संबोधित, कहा– भारत ने कई देशों को एक मंच पर लाने का किया सार्थक कार्य।
2. प्रस्तावित सारंडा अभ्यारण्य के क्षेत्रफल को कम करने के राज्य सरकार के अनुरोध पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा, ग्राम सभाओं ने भी अपने अधिकारों की रक्षा की मांग रखी।
3. झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने हेमंत सरकार को आदिवासी विरोधी करार दिया।
4. सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर को झारखंड की स्वर्णरेखा नदी समेत देशभर की प्रमुख 25 नदियों के जल से लौह पुरूष की प्रतिमा का किया जायेगा अभिषेक।
5. जमशेदपुर स्थित जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक और दो नवम्बर को सीनियर स्टेट पुरूष हैंडबॉल प्रतियोगिता का होगा आयोजन।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आठवें अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा भारत ने कई देशों को एक मंच पर लाने का सार्थक कार्य किया है जो गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही भारत और दुनियाभर की सभ्यताएं सूर्य की पूजा करती आ रही हैं। चार दिवसीय वैश्विक आयोजन में दुनिया भर के 124 देश और 40 से अधिक मंत्री भाग ले रहे हैं।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के युवाओं से विकसित भारत क्विज़ कॉम्पटीशन में भाग लेने का आग्रह किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि दूसरा विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद देश के युवाओं के लिए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का शानदार अवसर है। लोग इस महीने की 31 तारीख तक क्विज़ में भाग ले सकते हैं। विकसित भारत क्विज़ कॉम्पटीशन अगले साल 10 से 12 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा।

****

झारखंड के प्रस्तावित सारंडा अभ्यारण्य के क्षेत्रफल को कम करने के राज्य सरकार के अनुरोध पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस संबंध में हमारे संवाददाता ने बताया कि राज्य सरकार ने सारंडा में अब इकतीस हजार चार सौ अड़सठ हेक्टेयर के बदले चौबीस हजार नौ सौ इकतालीस हेक्टेयर को अभ्यारण्य घोषित करने का अनुरोध किया था।

****

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने हेमंत सरकार को आदिवासी विरोधी बताया है। जमशेदपुर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में श्री सोरेन ने कहा कि जो सरकार खुद को आदिवासियों की सरकार बताती है, वही आज आदिवासियों पर लाठी बरसा रही है।

भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि यह ऐसी आदिवासी सरकार है, जो आदिवासियों का ही दर्द नहीं समझती।

****

लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती 31 अक्टूबर को देशभर में धूम–धाम से मनायी जायेगी। इस अवसर पर देश की प्रमुख 25 नदियों से जल एकत्र कर नयी दिल्ली स्थित उनकी प्रतिमा पर जलाभिषेक किया जाएगा। संस्कृति मंत्रालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम के तहत यह जलाभिषेक होगा। इसके लिए

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कल रांची के चुटिया स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर के समीप स्वर्णरेखा नदी से जल उठाया। इस जल को अभिषेक के लिए दिल्ली भेजा जाएगा।

****

गुमला जिले में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत कक्षा एक से आठ तक के बच्चों के यूनिफार्म के लिए 53 हजार 438 बच्चों के बैंक खातों में राशि ट्रांसफर कर दी गई है।

****

पूर्वी सिंहभूम जिले के सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात पुलिस और प्रिंस खान गिरोह के अपराधियों के बीच मुठभेड़ में आपराधिक गिरोह का एक शूटर घायल हो गया। वहीं उसके दो साथी फरार हो गए। पुलिस फरार अपराधियों की तलाश में जुटी है। डीएसपी भोला प्रसाद ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में कई अहम सुराग मिले हैं।

****

बोकारो जिले के चास थाना क्षेत्र स्थित आदर्श कॉलोनी, गायघाट में कल देर शाम एक आईआरबी जवान अजय यादव उर्फ सोनू की गोली लगने से मौत हो गई। जवान गिरिडीह में पदस्थापित था और छठ पूजा में घर आया था। जानकारी के अनुसार आपसी विवाद में गोली चली, जो जवान के पेट में लगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

****

रांची में छठ पर्व के मौके पर आज सुबह न्यू मधुकम स्थित छठ तालाब में 12 वर्षीय एक युवक फिसलकर गहरे पानी में डूब गया। लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन गहराई अधिक होने के कारण उसे बाहर नहीं निकाला जा सका।

उधर, सरायकेला खरसावां जिले के शहरबेड़ा छठ घाट पर कल शाम नदी में डूबे एक ही परिवार के तीन सदस्यों में संजय सिंह का शव आज एनडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिया, जबकि तीसरे युवक प्रतीक कुमार की खोज अब भी जारी है। इससे पहले कल एक युवक आर्यन का शव बरामद कर लिया गया था।

****

घरेलू शेयर बाजार में आज दोपहर के कारोबार में गिरावट का रूख रहा। सेंसेक्स 355 अंक गिरकर 84 हजार 424 और निफ्टी 78 अंक घटकर 25 हजार 889 पर आ गया।

****

जमशेदपुर स्थित जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक और दो नवम्बर को सीनियर स्टेट पुरूष हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इस प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन कर लिया गया है। वहीं आठ और नौ नवम्बर को दुमका में 11वीं राज्य स्तरीय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता होगी। इसके लिए भी महिला खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। यह जानकारी रांची जिला हैंडबॉल संघ के सचिव बिष्णु कुमार ने दी।

****